# HINDI
## PAPER-III
## SEPT/13/05

Name & Signature of the Invigilator

..............................................

..............................................

ICR Answer Sheet No. : 

Roll No. : 

Roll Number in words : ..............................................

..............................................

**Time : 2.30 Minutes]** **No. of Printed Pages : 20** **[Maximum Marks : 150**

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **Seventy five (75)** multiple choice type questions. All questions are compulsory.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to candidate. In the first 5 minutes, candidate is requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (*i*) To have access to the question booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (*ii*) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of five minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (*iii*) **After this verification is over, the test booklet number should be entered in the ICR answer sheet and the ICR Answer Sheet number should be entered on this test booklet.**
4. Each item has upto four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). The answer should be a capital letter for the selected option. The answer letter should entirely be contained within the corresponding square.

   Correct method **A** Wrong method **A** OR **A**
5. Your responses to the items for this paper are to be indicated on the ICR Answer Sheet under Paper III only.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough work is to be done in the end of the booklet only.
8. You have to return the original ICR Answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the examination hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of ICR sheet and test booklet on conclusion of the examination.
9. Use black ball point pen.
10. Use of any Calculators or log tables or any other electronic devices is prohibited.
11. There shall be no negative marking.
12. In case of any discrepancy in Gujarati and English version of questions the English version should be taken as final.

**પરીક્ષાર્થીઓ માટે સુચનાઓ :**

1. આ પાનાની ટોચમાં દર્શાવેલી જગ્યામાં તમારો રોલનંબર લખો.
2. આ પ્રશ્નપત્રમાં બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવતા કુલ પંચોતેર (૭૫) પ્રશ્નો આપેલા છે. બધા જ પ્રશ્નો ફરજિયાત છે.
3. પરીક્ષાની શરૂઆતમાં ઉમેદવારને પ્રશ્નપુસ્તિકા આપવામાં આવશે. પ્રથમ ૫ મિનિટ દરમ્યાન, ઉમેદવારે પ્રશ્નપુસ્તિકા ખોલી અને ફરજિયાતપણે નીચે મુજબ પરીક્ષણ કરવું.
   (*i*) પ્રશ્નપુસ્તિકાનો વપરાશ કરવા માટે આ કવર પેજની ધાર પર આપેલ સીલ ફાડી નાખો. કોઈપણ સંજોગોમાં સીલ સ્ટીકર વગરની કે ખુલ્લી પ્રશ્નપુસ્તિકા સ્વીકારશો નહીં.
   (*ii*) કવર પૃષ્ઠ પર છપાયેલ નિર્દેશાનુસાર પ્રશ્નપુસ્તિકાના પ્રશ્નો પૃષ્ઠો અને સંખ્યાને બરાબર ચકાસી લો. ખામીયુકત પ્રશ્નપુસ્તિકા કે જેમાં પૃષ્ઠો/પ્રશ્નો ઓછા હોય, બે વાર છપાયા હોય, અનુક્રમમાં અથવા કોઈ અન્ય ફરક હોય અર્થાત કોઈપણ કારણે ખામીયુકત પ્રશ્નપુસ્તિકા સ્વીકારવી નહીં. એને જો ખામીયુકત પ્રશ્નપુસ્તિકા મળી હોય તો નિરીક્ષક પાસેથી તુરંત જ બીજી સારી પ્રશ્નપુસ્તિકા મેળવી લેવી. આ માટે ઉમેદવારને પાંચ મિનિટનો સમયગાળો આપવામાં આવશે. પછીથી, પ્રશ્નપુસ્તિકા બદલવામાં આવશે નહીં કે કોઈ વધારાનો સમય પણ આપવામાં આવશે નહીં.
   (*iii*) આ ચકાસણી સમાપ્ત થયપછી, ટેસ્ટ પુસ્તિકા નંબર ICR જવાબ પત્રકમાં લખવો અને ICR જવાબ પત્રક નંબર પ્રશ્નપુસ્તિકા પર લખવો.
4. પ્રત્યેક પ્રશ્ન માટે ચાર ઉત્તર વિકલ્પ (A), (B), (C) અને (D) આપવામાં આવેલ છે. પસંદગીનો જવાબ માત્ર અંગ્રેજી કેપીટલ મૂળાક્ષર દ્વારા જ આપવો. પસંદ કરેલ અંગ્રેજી કેપીટલ અક્ષર આપેલ ખાનામાં સંપૂર્ણ રીતે સમાઈ જાય તે રીતે લખવો.

   સાચી રીત : **A** ખોટી રીત : **A** અથવા **A**
5. આ પ્રશ્નપુસ્તિકાના પ્રશ્નોના જવાબ અલગથી આપવામાં આવેલ ICR જવાબ પત્રકમાં પેપર—૩ લખેલ વિભાગમાં જ લખવા.
6. અંદર આપેલ સૂચનાઓ ધ્યાનપૂર્વક વાંચો.
7. આ પ્રશ્નપુસ્તિકાની અંતે આપેલ પાનું રફ કામ માટે છે.
8. પરીક્ષા સમય પૂરો થઈ ગયા પછી ઓરીજીનલ ICR જવાબ પત્રક જે તે નિરીક્ષકને ફરજીયાત સોંપી દેવું અને કોઈપણ સંજોગોમાં પરીક્ષાખંડની બહાર જઈ શકશે નહીં. પરીક્ષા પૂર્ણ થયા બાદ ઉમેદવાર પ્રશ્નપુસ્તિકા તથા ICR જવાબવહીની ડુપ્લિકેટ કોપી પોતાની સાથે લઈ જઈ શકે છે.
9. માત્ર કાળી પેન/કાળી બોલ પેન વાપરવી.
10. કેલ્કયુલેટર અને અન્ય ઈલેકટ્રોનિક યંત્રોનો ઉપયોગ કરવાની મનાઈ છે.
11. ખોટા જવાબ માટે નેગેટિવ ગુણાંકન પ્રથા નથી.
12. પ્રશ્નપુસ્તિકાના કોઈ પ્રશ્નમાં અનુવાદ અંગે કોઈ વિવાદ/મતભેદ જણાય તો અંગ્રેજી વર્ઝન યોગ્ય ગણાશે.

# HINDI

## PAPER - III

*Note* : This paper contains **Seventy five (75)** multiple-choice, assertion/reasoning/ matching questions, each question carrying **TWO (2)** marks. **Attempt All** the questions.

**नोट** : इस प्रश्न-पत्र में **पचहत्तर (75)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के दो अंक हैं।

---

1. पद्मावत को हिंदी में अपने ढंग की अकेली 'ट्रैजिक कृति' किस आलोचक ने कहा है ?

   (A) रामचन्द्र तिवारी　　(B) डॉ. शिवसहाय पाठक

   (C) विजयदेव नारायण साही　　(D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

2. "बिनु पद चलै, सुनै बिनु काना, कर बिनु करम करै विधि नाना" पंक्ति किसकी है ?

   (A) केशवदास　　(B) गोस्वामी तुलसीदास

   (C) सेनापति　　(D) स्वामी रामानन्द

3. हिंदी की रामकाव्य परम्परा के पुरस्कर्ता माने जाते हैं :

   (A) रामानंद　　(B) कुंभनदास

   (C) कृष्णदास　　(D) रामानुजाचार्य

4. तुलसीदास की पत्नी रत्नावली-संबंधी प्रमुख घटना को आधार बनाकर आधुनिक युग के किस महाकवि ने 'तुलसीदास' नामक एक अनुपम प्रबंधकाव्य रच डाला था ?

   (A) सुमित्रानंदन पन्त　　(B) निराला

   (C) मैथिलीशरण गुप्त　　(D) रामनरेश त्रिपाठी

5. 'सूरसागर' रचना-शिल्प की दृष्टि से किस प्रकार का काव्य है ?

(A) प्रबंध काव्य (B) गेय मुक्तक काव्य

(C) लक्षण काव्य (D) खण्ड काव्य

6. सही क्रम बताइये :

(A) रामचन्द्रिका, रसिकप्रिया, विज्ञानगीता

(B) रसिकप्रिया, रामचन्द्रिका, विज्ञानगीता

(C) विज्ञानगीता, रसिकप्रिया, रामचन्द्रिका

(D) रामचन्द्रिका, विज्ञानगीता, रसिकप्रिया

7. इन्द्र जिमि जम्भ पर, बाड़व सुअम्भ पर

रावण सदम्भ पर रघुकुल राज है।

उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता हैं :

(A) केशव (B) भूषण

(C) घनानन्द (D) पद्माकर

8. 'शिवराज भूषण' का रचनाकाल है :

(A) 1673 (B) 1650

(C) 1680 (D) 1636

9. एकै गति एकै मति एकै प्राण एकै मन,

देखिवे को द्वै हैं नैनन की जोरी सी।

उपर्युक्त किसकी उक्ति है ?

(A) बिहारी (B) घनानन्द

(C) केशव (D) भूषण

10. 'प्रीतिपावस' किसकी रचना है ?

(A) भूषण (B) मतिराम

(C) घनानंद (D) रहीम

11. धरती हिलकर नींद भगा दे

वज्रनाद से व्योम जगा दे,

दैव, और कुछ लाग लगा दे

उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता हैं :

(A) रामनरेश त्रिपाठी (B) शंकर सर्वस्व

(C) मैथिलीशरण गुप्त (D) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

12. अनूदित रचना 'कुमारसम्भव सार' के रचनाकार हैं :

(A) गयाप्रसाद शुक्ल स्नेही (B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) रामचरित उपाध्याय (D) मैथिलीशरण गुप्त

13. 'कैदी और कोकिला' शीर्षक कविता के रचनाकार हैं :

(A) माखनलाल चतुर्वेदी (B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (D) रामनरेश त्रिपाठी

14. शैव दर्शन से प्रेरित रचना है :

(A) आंसू (B) लहर

(C) परिमल (D) कामायनी

15. तुम वहन कर सको जन मन में मेरे विचार,

वाणी मेरी चाहिए तुम्हें क्या अलंकार।

उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता हैं :

(A) निराला (B) पंत

(C) प्रसाद (D) महादेवी

16. अंग्रेजी के New writing आंदोलन से नवलेखन को हिंदी के किस आलोचक ने जोड़ा ?

(A) विजयदेवनारायण साही (B) रामस्वरूप चतुर्वेदी

(C) मुक्तिबोध (D) श्रीकान्त वर्मा

17. 'मानव मूल्य और साहित्य' के लेखक कौन हैं ?

(A) धर्मवीर भारती (B) सुमित्रानंदन पंत

(C) रामचंद्र शुक्ल (D) इलाचंद्र जोशी

18. 'आओ रानी हम ढोएंगे पालकी, यही हुई है राय जवाहर लाल की'–किसकी पंक्ति है ?

(A) धूमिल
(B) नागार्जुन
(C) आलोक धन्वा
(D) केदारनाथ

19. 'चुका भी नहीं हूँ मैं' किसकी रचना है ?

(A) मुक्तिबोध
(B) अज्ञेय
(C) शलभ श्रीराम सिंह
(D) शमशेर बहादुर सिंह

20. अरुण कमल को वर्ष 1998 का साहित्य अकादमी पुरस्कार किस कृति के लिए प्रदान किया गया ?

(A) नए इलाके में
(B) अपनी केवल धार
(C) सबूत
(D) पुतली में संसार

21. किस रचनाकार ने अपनी किस रचना की पाण्डुलिपि को स्वयं ही अपूर्ण घोषित किया है, परन्तु जिसे संपूर्ण रचना माना जाता है :

(A) अज्ञेय ने 'शेखर : एक जीवनी' को
(B) रेणु ने 'मैला आँचल' को
(C) देवकीनंदन खत्री ने 'चन्द्रकान्ता' को
(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी ने 'बाणभट्ट की आत्मकथा को

22. कौन सा उपन्यास दो भागों में प्रकाशित हुआ है ?

(A) बाणभट्ट की आत्मकथा
(B) पुनर्नवा
(C) शेखर : एक जीवनी
(D) नदी के द्वीप

23. निम्नलिखित में से कौन सा उपन्यास जासूसी उपन्यास की श्रेणी में रखा जा सकता है ?

(A) परीक्षा गुरु
(B) भाग्यवती
(C) सौ अजान एक सुजान
(D) भूतनाथ

24. 'गोदान' में प्रेमचंद किसकी पत्नी का नाम भूल गये थे ? प्रारंभ में उसका कुछ और नाम था, बाद में वे उसे किसी और नाम से लिखने लगे।

(A) खन्ना
(B) नोखेराम
(C) पं. ओंकारनाथ
(D) रायसाहब

25. मालती के पिता क्या व्यवसाय करते थे ?

(A) पत्रकार
(B) सरकारी अफसर
(C) शेयर दलाल
(D) जमींदार

26. "सबके सब एक से हैं, अलग-अलग मुखौटे पर चेहरा ? चेहरा सबका एक ही।" यह कथन किस पात्र का है ?

(A) बिन्नी
(B) जुनेजा
(C) अशोक
(D) सावित्री

27. चन्द्रगुप्त में कार्नेलिया किसकी पुत्री है ?

(A) सिकन्दर
(B) सिल्यूकस
(C) नंद
(D) चाणक्य

28. कौन सा नाटक प्रसाद का नहीं है ?

(A) ध्रुवस्वामिनी
(B) विशाख
(C) अब और नहीं
(D) कामना

29. पात्रों के मन में चलने वाला संघर्ष कहलाता है :

(A) उथल-पुथल
(B) आक्रोश
(C) असमंजस
(D) अन्तर्द्वन्द्व

30. 'आधे-अधूरे' का प्रथम प्रकाशन काल है :

(A) 1967 ई.
(B) 1968 ई.
(C) 1969 ई.
(D) 1970 ई.

31. हिंदी काव्यशास्त्र के आदि आचार्य हैं :

(A) केशव
(B) आचार्य कुलपति
(C) आचार्य देव
(D) श्रीपति

32. 'रस मिर्मांसा' के रचनाकार हैं :

(A) विश्वनाथ
(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(C) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी
(D) डॉ. दशरथ ओझा

33. भरत के नाट्यशास्त्र में उल्लिखित भावों की संख्या है :

(A) 49
(B) 22
(C) 63
(D) 16

34. निम्न में से किसने रस को 'ब्रह्मास्वाद सहोदर' कहा है ?

(A) भट्टनायक
(B) अभिनवगुप्त
(C) विश्वनाथ
(D) भट्टलोल्लट

35. 'साधारणीकरण' का प्रथम प्रयोगकर्ता निम्न में से कौन है ?

(A) भट्टलोल्लट
(B) भट्टनायक
(C) अभिनवगुप्त
(D) विश्वनाथ

36. रिचर्ड्स के सम्प्रेषण सिद्धांत की तुलना भारतीय काव्यशास्त्र के किस सिद्धांत से की जाती है ?

(A) रस सिद्धांत
(B) साधारणीकरण
(C) ध्वनि सिद्धांत
(D) अलंकार सिद्धांत

37. क्रोचे का अभिव्यंजनावाद भारतीय काव्यशास्त्र के किस सिद्धांत से सबसे निकट माना जाता है ?

(A) रीति सिद्धांत
(B) वक्रोक्ति सिद्धांत
(C) अलंकार सिद्धांत
(D) ध्वनि सिद्धांत

38. 'मिथक' के लिए हिंदी में कौन सा पारिभषिक शब्द प्रचलित है ?

(A) पुराकथा
(B) स्वप्नकथा
(C) दन्तकथा
(D) कथाकल्प

39. 'बहुलतावाद' निम्न में से किसके केन्द्र में है ?

(A) आधुनिकता
(B) उत्तर-आधुनिकता
(C) अधिनायकवाद
(D) सामंतवाद

40. निम्न में से 'विडम्बना' का उदाहरण है :

(A) कफ़न (B) आकाशदीप

(C) पत्नी (D) जिन्दगी और जोंक

41. जब ते राम प्रताप खगेसा। उदित भयउ अति प्रबल दिनेसा॥

पूरि प्रकास रहेउ तिहुं लोका। बहुतेन्ह सुख बहुतन मन सोका॥

काकभुशुण्डि किससे कह रहे हैं ?

(A) अंगद (B) निषादराज

(C) लक्ष्मण (D) गरुड़

42. तीर से खींचा धनुष मैं राम का।

काम का–

पड़ा कन्धे पर हूँ हल बलराम का

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत हैं ?

(A) असाध्यवीणा (B) राम की शक्ति पूजा

(C) कुकुरमुत्ता (D) कामायनी

43. रघुकुल गौरव, लघु हुए जा रहे तुम इस क्षण,

तुम फेर रहे हो पीठ हो रहा जब जय रण।

उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता हैं :

(A) तुलसीदास (B) निराला

(C) प्रसाद (D) अज्ञेय

44. नील परिधान बीच सुकुमार खुल रहा मृदुल अधखुला अंग;

खिला हो ज्यों बिजली का फूल मेघ-बन बीच गुलाबी रंग।

ये पंक्तियाँ किसके लिये कही गयीं हैं ?

(A) मनु (B) इड़ा

(C) श्रद्धा (D) मानव

45. कामायनी का रचनाकाल है :

(A) 1914 (B) 1936

(C) 1918 (D) 1925

46. निम्नलिखित पंक्तियाँ किसने कही हैं ?

शायद मृत्यु का ज्ञान, और जीवन की कामना एक ही चीज है यह बहुत बार सुनने में आता है कि 'जीना वही जानता है जो मरना जानता है'।

(A) होरी (B) गोबर

(C) मेहता (D) शेखर

47. 'शेखर : एक जीवनी' के पहले भाग में चार खण्डों में से कौनसा सही नहीं है ?

(A) रस्सियाँ (B) उषा और ईश्वर

(C) बीज और अंकुर (D) प्रकृति और पुरुष

48. होरी के गाँव का नाम था :

(A) बेलारी (B) सेमरी

(C) चारगाँव (D) कृष्णपुर

49. 'चन्द्रगुप्त' नाटक में किसके द्वारा कहा गया है :

''समय आ गया है कि शूद्र राजसिंहासन से हटाये जायें और सच्चे क्षत्रिय मूर्धाभिषिक्त हों।''

(A) नन्द (B) चाणक्य

(C) सिंहरण (D) चन्द्रगुप्त

50. 'शेखर : एक जीवनी' किस तरह का उपन्यास है ?

(A) सामाजिक (B) मनोविश्लेषणात्मक

(C) राजनीतिक (D) ऐतिहासिक

51. निम्न में से किसके सम्पर्क में आने के बाद सूरदास के जीवन में परिवर्तन हुआ ?

(A) वल्लभाचार्य (B) हितहरिवंश

(C) चैतन्य (D) रामानंद

52. जायसी के अनुसार रत्नसेन निम्न में से किसका प्रतीक है ?

(A) मन (B) बुद्धि

(C) शैतान (D) माया

53. निम्न में अष्टछाप से संबंधित **नहीं हैं** :

(A) गोविन्दस्वामी (B) चतुर्भुजदास

(C) छीतस्वामी (D) केशवदास

54. अवैदिक देवता नारायण का उल्लेख सर्वप्रथम किस ग्रन्थ में मिलता है ?

(A) श्रीमद्भागवत (B) शतपथ ब्राह्मण

(C) महाभारत (D) रामायण

55. 'नवीन' किस कवि का उपनाम है ?

(A) माखनलाल चतुर्वेदी (B) रामनरेश त्रिपाठी

(C) बालकृष्ण शर्मा (D) जयशंकर प्रसाद

56. 'राग-विराग' किसकी रचना है ?

(A) माखनलाल चतुर्वेदी (B) निराला

(C) महादेवी वर्मा (D) सुभद्राकुमारी चौहान

57. 'आह्वान' शीर्षक रचना जो 1918 में 'प्रतिभा' पत्रिका में प्रकाशित हुई उसके रचनाकार कौन थे ?

(A) बालकृष्ण शर्मा (B) जनार्दन प्रसाद झा

(C) प्रसाद (D) राय देवीप्रसाद पूर्ण

58. 'मृण्मयी' किसकी रचना है ?

(A) दिनकर
(B) सियारामशरण गुप्त
(C) उदयशंकर भट्ट
(D) महादेवी वर्मा

59. 'गीतगुंज' कविता के रचनाकार हैं :

(A) पंत
(B) महादेवी
(C) दिनकर
(D) निराला

60. निम्नलिखित पंक्तियाँ किस उपन्यास की हैं ?

''आवेश में यह नहीं भूल जाना है कि हम लोगों के युद्ध नायक महात्मा गांधी हैं और पूरी लड़ाई में सत्य अहिंसा रहित भाव में कुछ सोचना भी नहीं है।''

(A) देशद्रोही
(B) श्वेत पत्र
(C) पहला गिरमिटिया
(D) सत्याग्रह

61. 'गोदान' उपन्यास में निम्नलिखित कौन कहता है ?

''लक्षण कह रहे हैं कि बहुत जल्द हमारे वर्ग की हस्ती मिट जाने वाली है। मैं उस दिन का स्वागत करने को तैयार बैठा हूँ।''

(A) गोबर
(B) रायसाहब
(C) होरी
(D) मेहता

62. 'शेखर : एक जीवनी' उपन्यास में शशि शेखर की क्या लगती है ?

(A) ममेरी बहन (B) चचेरी बहन

(C) मौसेरी बहन (D) बुआ की बेटी

63. दलितों के लिए किसने कहा : 'ऐजूकेट, आर्गनाइज, एजीटेट' ?

(A) सत्यप्रकाश (B) जयप्रकाश कर्दम

(C) ओमप्रकाश वाल्मीकि (D) अम्बेडकर

64. निम्नलिखित पंक्ति किस कहानी की है ?

"क्या स्त्रियों को कोई दूसरा ईश्वर पैदा करता है या यहाँ स्त्री-पुरुष के लिए दो नियम हैं।"

(A) अपनी सलीबें (B) थकी हुई सुबह

(C) अलविदा दोस्त (D) छलांग

65. 'प्रतिभा को अपूर्ववस्तु निर्माणक्षमा प्रज्ञा' किस आचार्य ने कहा है ?

(A) भट्ट तौत (B) राजशेखर

(C) आचार्य मम्मट (D) अभिनवगुप्त

66. 'रुदन का हँसना ही तो गान' पँक्ति में कौन सा अलंकार है ?

(A) विरोधाभास (B) विभावना

(C) असंगति (D) दीपक

67. जगत सिंह नृपहुकुम तो माइ महा मनमोद।

पद्माकर जाहिर करत जगहित जगत विनोद॥

उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा प्रयोजन है ?

(A) यश की प्राप्ति (B) व्यवहार की शिक्षा

(C) लोक कल्याण (D) प्रेयसी के समान उपदेश

68. "रस ही कविता का प्राण है और छन्द उसका शरीर है, भूषणों के अभाव में शरीर जीवित रह सकता है, किन्तु प्राण तत्व के बिना वह निर्जीव है।" यह कथन किसका है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) नन्ददुलारे वाजपेयी

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) नगेन्द्र

69. रामचन्द्र शुक्ल का प्रथम प्रकाशित निबन्ध कौनसा है ?

(A) श्रद्धा और भक्ति (B) करुणा

(C) उत्साह (D) साहित्य

70. नया साहित्य, नये प्रश्न (1955 ई.) के लेखक कौन हैं ?

(A) बाबू श्यामसुन्दर दास (B) शांतिप्रिय द्विवेदी

(C) नन्ददुलारे वाजपेयी (D) डॉ. नगेन्द्र

71. 'परिप्रेक्ष्य को सही करते हुए' किसके द्वारा लिखित पुस्तक है ?

(A) नेमिचन्द्र जैन (B) शिवदानसिंह चौहान

(C) मैनेजर पांडेय (D) नामवर सिंह

72. हिंदी आलोचना की पहली पुस्तक किसे माना जाता है ?

(A) हिंदी कालिदास की आलोचना (B) देव बड़े कि बिहारी

(C) नैषधचरित चर्चा (D) विक्रमांक देव चरित चर्चा

73. लोंजाइस के काव्यशास्त्र संबंधी विचार किस पुस्तक में हैं ?

(A) पेरिइप्सुस (B) द लिरिकल बैलेड्स

(C) एस्थेटिक्स (D) एस्से ऑन क्रिटिसिज़्म

74. टी. एस. इलियट ने 'द सेक्रेड वुड' में अपना विश्व प्रसिद्ध लेख लिखा है–उस लेख का शीर्षक क्या है ?

(A) करेक्शन ऑफ टेक्स्ट (B) ट्रेडिशन एंड द इंडिविजुल टैलेंट

(C) द फंक्शन ऑफ क्रिटिसिज़्म (D) द फ्रंटियर्स ऑफ क्रिटिसिज़्म

75. मूल्य सिद्धान्त के प्रस्तुतकर्ता कौन थे ?

(A) क्रोचे (B) वर्ड्सवर्थ

(C) अरस्तु (D) आई. ए. रिचर्ड्स

## ROUGH WORK

SEAL